Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to grant the status of state government employee to Aanganwadi workers.

श्री मोहम्मद असरारुल हक (किशनगंज): मैं सरकार का ध्यान आंगनबाड़ी सेविकाओं/सहायिकाओं की खराब आर्थिक हालत की ओर दिलाना चाहता हूँ । आंगनबाड़ी केंद्रों के सुचारु कार्यचालन के लिए इनकी नियुक्ति की गई थी । इनके मानदेय में राज्य सरकार ने मात्र रुपए 750/- की मामूली वृद्धि की है । वर्तमान में सेविका को रुपए 3750/- तथा सहायिका को रुपए 1750/- मानदेय दिया जाता है । यह वर्ष भर आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन करती हैं तथा अपराह्न 3.00 बजे के बाद घर-घर घूमकर जच्चा-बच्चा तथा बालिकाओं के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी भी निभाती हैं । स्वास्थ्य केंद्रों में पोलियों की दवा पिलाने तथा माताओं के टीकाकरण में सहायता के साथ ही सहायक बी.एल.ओ. के रुप में नियुक्त करके इनसे अतिरिक्त काम भी कराया जाता है । राज्य सरकार के अन्य विभागों द्वारा भी इनसे काम लिया जाता है । इसके मद्देनजर सरकार से मेरा अनुरोध है कि इन सेविकाओं/सहायिकाओं को राज्य कर्मचारी का दर्जा और उचित मानदेय दिया जाए ।